आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 28.02.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने फिट इंडिया और ड्रग्स फ्री अभियान को लेकर ठोस कार्ययोजना बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा– प्रदेश के हर नागरिक को स्थानीय स्तर पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, सरकार का लक्ष्य।
- पौड़ी में नाबार्ड की ओर से आयोजित कार्यशाला में प्रगतिशील किसानों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।
- प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले हिस्सों में बारिश जारी।

## फिट इंडिया

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया संकल्प को साकार करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के अधिकारियों को निर्देश दिए। देहरादून में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान प्रधानमंत्री ने देवभूमि उत्तराखंड में मोटापे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया था। इसी के तहत प्रदेश में फिट इंडिया– फिट उत्तराखंड अभियान शुरू किया जाएगा। उन्होंने स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े मौजूदा प्रयासों को अधिक प्रभावी बनाने और इस अभियान में खिलाड़ियों को सक्रिय रूप से जोड़ने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ड्रग्स फ्री उत्तराखंड संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए अभियान को तेज करने, नशा तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने और व्यापक जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस पहल में स्कूली छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि युवा पीढ़ी नशे के दुष्प्रभावों से अवगत होकर स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान दे सके।

## स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिये राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से चिकित्सकों की नियुक्ति के साथ ही जिला व ब्लॉक स्तर के अस्पतालों में पैरामेडिकल स्टॉफ, फार्मासिस्टों और एएनएम की नियुक्ति और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रदेश के हर नागरिक को स्थानीय स्तर पर उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को शीघ्र ही 276 नये चिकित्सक मिलेंगे। चिकित्सा अधिकारियों के बैकलॉग पदों के लिये राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड की ओर से भर्ती विज्ञापन जारी किया गया है। इन पदों पर

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया आगामी 11 मार्च से शुरू होगी, जबकि आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 को निर्धारित की गई है।

आपदा प्रबंधन बैठक

राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रूहेला ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे धरातल पर जाकर योजनाओं के क्रियान्वयन की जांच करें, साथ ही आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लें। श्री रुहेला ने जिला सभागार नई टिहरी में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित सहित जिला स्तरीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर गत आपदा के दौरान हुए नुकसान और उसके पुनर्निर्माण से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन में टिहरी जिले में सबसे बेहतर कार्य हुआ है। बैठक में बीआरओ के ओसी की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए एक सप्ताह के भीतर देहरादून में उनके कार्यालय में आकर जवाब देने के निर्देश दिए।

नाबार्ड कार्यशाला

पौड़ी में नाबार्ड की ओर से आयोजित कार्यशाला में प्रगतिशील किसानों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर नाबार्ड के क्षेत्रीय प्रबन्धक हिमांक शर्मा ने कहा कि यह कार्यशाला किसानों, प्रगतिशील किसानों, संबंधित विभागों और बैंकिंग सेवा से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों के संवेदीकरण के लिए आयोजित की गई, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में कोई दिक्कतत न हो।

कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुणवंत ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याण की योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को देने के लिए ऐसे कार्यक्रम बहुत जरूरी हैं।

वहीं, सेब उत्पादन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने वाली प्रगतिशील किसान सविता ने बताया कि कार्यशाला के जरिए, किसानों के लिए संचालित कई योजनाओं की जानकारी मिली।

मौसम

प्रदेश में बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री सहित अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी और निचले हिस्सों में बारिश जारी है। चमोली जिले में माणा, मलारी, नीति घाटी, हेमकुण्ड साहिब और औली में बर्फबारी के साथ ही निचले क्षेत्रो में लगातार बारिश से जिले में कडाके की ठंड पड़ रही है। उत्त्तरकाशी जिले में हर्षिल, मुखबा और खरसाली सहित उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बर्फबारी जारी है। हर्षिल घाटी सहित गंगोत्री धाम बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। वहीं, टिहरी जिले के गंगी, सुरकंडा देवी, खैट और सेम–मुखेम सहित ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हो रही है। जिला मुख्यालय नई टिहरी सहित चंबा, प्रतापनगर, घनसाली, नरेंद्रनगर और थत्यूड़ आदि क्षेत्रों में जमकर बारिश हुई। जिले के जाखणीधार विकासखंड जाखणी के मंदार गांव में एक मकान के आंगन के भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त होने से मकान को खतरा हो गया है। वहीं, बारिश और बर्फबारी से किसानों के चेहरे भी खिल गए हैं। गेहूं, जौ, मटर की

फसलों और फलदार पेड़ों के लिए यह काफी लाभकारी बताई जा रही है। हालांकि, बारिश से ग्रामीण इलाकों के पशु–पालकों को चारापत्ति लाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चम्पावत जिले लगातार हो रही बारिश से आम जन–जीवन प्रभावित हो गया है। हालांकि लम्बे समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के चेहरे पर रौनक आ गयी है। जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में गेहूँ, जौ और सरसों सहित विभिन्न दलहनी फसल बारिश न होने से सूखे के कगार पर थी। लेकिन कल से हो रही बारिश इन खेतों के लिए वरदान बन गयी। इसके साथ ही आलू की बुवाई कर रहे किसानों के लिए भी यह बारिश सहायक होगी।

इस बीच, मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पिथौरागढ़ और बागेश्वर के ऊंचाई वाले हिस्सों में भारी बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही देहरादून सहित राज्य के अन्य हिस्सों में भारी बारिश और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर आज बागेश्वर जिले में और पिथौरागढ़ के मुनस्यारी में सभी सरकारी और निजी स्कूलों के साथ ही आंगनवाड़ी केंद्रों में अवकाश घोषित किया गया है।

<u>रेशम कृषि मेला</u>

देहरादून के सहसपुर में रेशम विभाग की ओर से 10 मार्च से तीन दिवसीय रेशम कृषि मेले का आयोजन किया जाएगा। इसका उद्घाटन प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी करेंगे। इस संबंध में देहरादून में आयोजित बैठक में मेले की तैयारियों को अंतिम रुप दिया गया। रेशम कृषि मेले में शहतूती व ओक तसर रेशम उत्पादन में कार्यरत प्रदेश के विभिन्न जिलों के लगभग 400 रेशम कृषक हिस्सा लेंगे। इस दौरान रेशम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रेशम किसानों को कृषि मंत्री द्वारा सम्मानित भी किया जायेगा। वहीं, कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि रेशम किसानों के हितों के संरक्षण पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है।

<u>स्वीकृति प्रदान</u>

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा क्षेत्र खटीमा स्थित चकरपुर स्टेडियम छात्रावास में बोर्डिंग बॉक्सिंग एकेडमी स्थापित करने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने 11 फरवरी को चकरपुर स्टेडियम उधमसिंह नगर में 38वें राष्ट्रीय खेलों के अंतर्गत आयोजित मलखंब प्रतियोगिता के अवसर पर बोर्डिंग बॉक्सिंग एकेडमी स्थापित घोषणा की  थी।